निदेशालय निर्माण एवं संयत्र
नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयनरेन्द्र नगर, कुमारगंज, फैजाबाद
निविदा सूचना सं0 1/10–11

विश्वविद्यालय की तरफ से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 19.01.2011 को दो बजे अपरान्ह तक पंजीकृत डाक द्वारा सील्ड (मुहरबन्द) निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित निविदा प्रपत्र आवश्यक शर्तों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 2012.2010 से 05.01.2011 तक कार्य के सम्मुख उल्लिखित धनराशि का बैंक ड्राफट जो वित्त नियन्त्रक न.दे.कृ.एवं प्रौ.वि.वि. के पक्ष में देय हो केवल पंजीकृत डाक द्वारा भेजकर ही प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक

19.01.2011 को 3.00 बजे अपरान्त पण्डाल समिति द्वारा इच्छुक उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।

क0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख)	धरोहर धनराशि (रू0)	कार्य की अवधि	डाक व्यय सहित निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)
1.	बारहवां दीक्षान्त समारोह हेतु पण्डाल व्यवस्थाः–				
	(क) सिविल कार्य	3.69	7400.00	15 दिन	250/–
	(ख) विद्युत कार्य	0.70	1400.00	15 दिन	150/–

1.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु वांछित धनराशि का बैंक ड्राफट संलग्न करते हुये कार्य का नाम जिसकी निविदा वांछित है का उल्लेख करना एवं अपने पत्र व्यवहार का पूर्ण पता लिखना आवश्यक होगा ।आवेदन पत्र प्राप्त होने पर निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक द्वारा ही भेजा जायेगा

2.सील्ड (मुहरबन्द) निविदायें केवल पंजीकृत डाक से ही प्राप्त की जायेंगी। व्यक्तिगत अथवा कोरियर से नहीं प्राप्त की जायेंगी।

3.डाक में किसी प्रकार के विलम्ब होने के लिये विश्वविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

4.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 05.01.2011के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा ।

5.निविदा स्वीकृत होने की दशा में अनुबन्ध के समय धरोहर धनराशि के अतिरिक्त 8 प्रतिशत जमानत धनराशि अलग से देय होगी।

6.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा भेजने हेतु पत्र व्यवहार इं. ओम प्रकाश निदेशक निर्माण एवं संयत्र, नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौ. वि.वि. कुमारगंज फैजाबाद के पते पर ही किया जायेगा।

7.समिति द्वारा न्यूनतम निविदा दाता के गोदाम का निरीक्षण कर सामग्री की गुणवत्ता एवं मात्रा से संतुष्ट होने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

8. न्यूनतम निविदा दाता की सामग्री की गुणवत्ता एवं मात्रा से सन्तुष्ट न होने के दशा में समिति अन्य निविदा दाताओं के गोदाम का निरीक्षण कर तदानुसार निर्णय लेने के लिये स्वतन्त्र होगी।

(ओम प्रकाश)
निदेशक, निर्माण एवं संयत्र